कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर लगाये कड़ाई से रोक-डीएम

सीसीपीए के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

चित्रकूट। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों एवं अनुचित व्यापार व्यवहार की रोकथाम के लिए दिशा निर्देश २०२४ के क्रम में डीएम पुलकित गर्ग ने जनपद के समस्त कोचिंग संस्थानों को दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कोचिंग संस्थानों द्वारा प्रकाशित एवं प्रसारित किये जा रहे विज्ञापनों की जांच करने तथा उपभोक्ताओं, विशेषकर विद्यार्थियों को भ्रामक दावों से बचाने के लिए आवश्यक काररवाई सुनिश्चित करने को कहा है। डीएम ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद अनेक कोचिंग संस्थानों द्वारा समाचार पत्रों, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं वेबसाइटों पर सफल अभ्यर्थियों के नाम, फोटो और उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया जाता है। कई मामलों में अभ्यर्थियों ने संबंधित संस्थान से केवल साक्षात्कार मार्गदर्शन, नि:शुल्क प्रशिक्षण अथवा अल्पकालिक कार्यक्रम का लाभ लिया होता है। जबकि विज्ञापनों में इस महत्वपूर्ण तथ्य का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जाता। इस प्रकार की भ्रामक प्रस्तुति विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रभावित कर सकती है तथा उपभोक्ता हितों के प्रतिकूल है। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापनों में पाठ्यक्रम, शुल्क, शिक्षकों की योग्यता, परिणाम, चयन संख्या एवं अन्य उपलब्धियों से संबंधित दावे पूर्णत: सत्य, स्पष्ट एवं सत्यापन योग्य रखें। किसी भी अभ्यर्थी की सफलता का प्रचार करते समय उसकी प्राप्त रैंक, पाठ्यक्रम का नाम, प्रशिक्षण की अवधि तथा पाठ्यक्रम सशुल्क अथवा नि:शुल्क होने की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। सफल अभ्यर्थियों के नाम, फोटो, प्रशंसा पत्र अथवा वीडियो का विज्ञापन में उपयोग निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप उनकी लिखित सहमति प्राप्त करने के बाद ही किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिये कि कोई भी कोचिंग संस्थान चयन की गारंटी, नौकरी की सुनिश्चितता, निश्चित वेतन या शत प्रतिशत सफलता जैसे अप्रमाणित दावे न करे। इसी प्रकार सफलता दर, चयनित विद्यार्थियों की संख्या, प्राप्त रैंक, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता, फीस वापसी एवं पाठ्यक्रम छोड़ने संबंधी नीतियों के बारे में गलत, अतिरंजित अथवा भ्रामक जानकारी देना प्रतिबंधित है। विज्ञापनों में आवश्यक अस्वीकरण एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रमुखता से तथा मुख्य दावे के समान फान्ट आकार में प्रदर्शित की जाएं। विद्यार्थियों को तत्काल प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सीटों की कृत्रिम कमी या समयसीमा संबंधी भ्रामक दबाव भी न बनाया जाए। यदि किसी संस्थान द्वारा भ्रामक विज्ञापन अथवा अनुचित व्यापार व्यवहार किये जाने का मामला सामने आता है तो संबंधित साक्ष्यों सहित प्रकरण सक्षम प्राधिकारी को भेजते हुए नियमानुसार आवश्यक काररवाई की जाएगी। डीएम ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि कोचिंग संस्थान में प्रवेश लेने से पहले पाठ्यक्रम, फीस, शिक्षकों की योग्यता, परिणामों से संबंधित दावों तथा फीस वापसी की शर्तों की जानकारी भलीभांति जांच लें।



मड़ियाहूं के गोपालापुर दुबान गांव में बसुही नदी से युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाती पुलिस।

मछली खरीदने निकले युवक का बसुही नदी में मिला शव

हत्या की आशंका दो दिन से लापता था मृतक

जौनपुर। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालापुर दुबान गांव में शुक्रवार सुबह बसुही नदी में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान गांव निवासी श्यामजीत के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था।

परिजनों के अनुसार, श्यामजीत बुधवार शाम घर से मछली खरीदने की बात कहकर निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला।

शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने बसुही नदी में उतराया हुआ शव देखा, जिसकी पहचान बाद में श्यामजीत के रूप में हुई।

मृतक के परिवार में पत्नी रेखा देवी और १० वर्षीय पुत्री है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात लोगों ने रंजिशन हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नदी में फेंक दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होगा, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

तीन दुकानों से लाखों की चोरी, व्यापारियों में आक्रोश

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के गभिरन बाजार में गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बेखौफ होकर एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने देसी शराब के ठेके और दो अन्य दुकानों के ताले तोड़कर कुल २ लाख ५४ हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। एक ही रात में ताबड़तोड़ चोरी की वारदात से बाजार के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले कतवारू पाल द्वारा संचालित देसी शराब के ठेके में सेंधमारी कर ९६ हजार रुपये की नकदी उड़ाई। इसके बाद चोरों ने मोनू किराना मर्चेंट की दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे ९३ हजार रुपये और कपड़ा व्यवसायी विशाल मौर्य के प्रतिष्ठान से ६५ हजार रुपये नकद पार कर दिये। शुक्रवार सुबह जब दुकानदार पहुंचे, तो शटर और ताले टूटे देखकर उनके होश उड़ गये। व्यापारियों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं।

एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, चुस्त-दुरुस्त एवं ड्यूटी के प्रति सदैव तत्पर रहने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गये। स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से परेड में सम्मिलित अधिकारी, कर्मचारियों से दौड़ भी कराई गयी। अनुशासन, एकरूपता एवं कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान थानों से आए चार पहिया, दो पहिया वाहनों, डायल-११२ पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों में पाई गयी कमियों को तत्काल दूर कराने तथा वाहनों के उचित रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। एसपी ने डायल-११२ कार्यालय, आवासीय परिसर, बैरक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय एवं आर्मरी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ सफाई, व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों आदि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कर्मचारियों का अर्दली रूम कर उनकी समस्याओं, शिकायतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में मतदान कार्मिकों को मिला दो पालियों में शिक्षक निर्वाचन प्रशिक्षण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-२०२६ को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में शुक्रवार को मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की उपस्थिति में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) को उनके वैधानिक दायित्वों, अधिकारों और मतदान प्रक्रिया की ि बिं दु वा र जानकारी दी गयी। इस दौरान कार्मिकों को मतपेटिका को खोलने, सील करने, पेपर सील लगाने तथा मतदाताओं की उंगली पर अमिट स्याही लगाने का व्यावहारिक (हैंड्स-आन) अभ्यास कराया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी मतदान कार्मिक उपलब्ध करायी गयी चुनाव मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करें और किसी भी तकनीकी संशय का तत्काल समाधान कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, सीआरओ अजय अंबष्ट, पीडी के.के. पांडेय, डीडीओ मीनाक्षी देवी सहित अन्य निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न, ऐचवारा संकुल बना चैम्पियन

चित्रकूट। पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय मानिकपुर में आयोजित मानिकपुर क्षेत्र की दो दिवसीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य रेणुका शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि खेल में हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जिन खिलाड़ियों को इस बार स्थान नहीं मिल सका है, वे निराश न हों बल्कि अभी से अपनी तैयारी शुरू कर दें ताकि अगली बार वे सफलता हासिल कर सकें। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश कुमार ने दो दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ को सफल बनानेके लिए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में ऐचवारा संकुल ९३ अंक लेकर प्रथम, सरैया संकुल ५८ अंक द्वितीय तथा रुक्मा संकुल ५५ अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलों को सफल बनाने में उमेश मिश्रा, अभिषेक पांडेय, विनय शुक्ला, विशाल चतुर्वेदी, खेमराज सिंह, शाहनाज बानो, हर्ष त्रिपाठी, ललक पांडेय, वेद प्रकाश, शहनाज बानो, राम कुमारीका योगदान सराहनीय रहा।



प्रतिभागियों को ट्राफी देते अतिथि।

सुरक्षा एवं जागरुकता के लिए किया जागरुक

चित्रकूट। नगर पंचायत राजापुर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सफाई एवं सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता एवं सुरक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी पूजा गुप्ता, सभासद एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

एएसपी ने थाना रैपुरा का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

चित्रकूट। अपर एसपी पीयूषकान्त राय ने थाना रैपुरा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क तथा मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। मिशन शक्ति अभियान ६.० के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए केन्द्र पर प्राप्त होने वाली महिला संबंधी शिकायतों के रजिस्टर का अवलोकन किया गया। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उन्हें निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति अभियान के १० दिवसीय विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जाए। उन्हें महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध से बचाव तथा हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दें।

इसके अतिरिक्त थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए उन्हें अद्यावधिक रखने के निर्देश दिये। थानाध्यक्ष रैपुरा को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही, लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण, वांछित एवं वारण्टी की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्यवाही करने तथा रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गये। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। थाना परिसर में साफ सफाई व्यवस्था, विद्युत, पेयजल एवं शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त एवं सुव्यवस्थित रखने को कहा। पुलिसकर्मियों को जनता के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार रखते हुए कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिये।

चित्रकूट की रामलीला में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मंडलियों का संगम

तीसरे दिन राम, सीता, लक्ष्मण वनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, और खर दूषण वध का जीवंत एवं भावपूर्ण हुआ मंचन

चित्रकूट। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास के तत्वावधान में चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट पर सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का भव्य आयोजन प्रतिदिन शाम ६:३० बजे से किया जा रहा है। इस भव्य सांस्कृतिक महाकुंभ में देश-विदेश के विख्यात कलाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण मंचन हो रहा है।रामलीला के तीसरे दिन अतिथि के रूप में प्रपन्नाचार्य महन्त बड़ा मठ चित्रकूट, महंत आनंद दास, अशोक जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल डीसीबी अध्यक्ष, विजेन्द्र यादव वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सचिव विशाला संस्कृतिक एवं लोकहित समिति उज्जैन, राजेन्द्र त्रिवेदी जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, राव प्रवल श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा सतना, रवि गुप्ता नगर अध्यक्ष भाजपा चित्रकूट द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने कलाकारों का अभिनंदन भी किया।रामलीला के तीसरे दिन राम, सीता, लक्ष्मण का वनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, और खर-दूषण वध का जीवंत एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। इस उत्सव की सबसे बड़ी खासियत इसका वैश्विक स्वरूप है। जहाँ भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा सात समंदर पार से आए कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की सुदीर्घ एवं समृद्ध परंपरा रही है। श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों यथा जन्म, बाल लीलाओं, वनगमन, चित्रकूट में निवास, सीता हरण, हनुमान भक्ति, लंका विजय और अयोध्या वापसी को अभिनय, संवाद, संगीत, गायन एवं आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। ७ दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश की प्रतिष्ठित लीला मण्डलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। रूस की मंडली भी रामलीला के विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति देकर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक जुड़ाव को सामने ला रही। भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाली मंडलियां भी अपनी क्षेत्रीय कला परंपराओं के साथ उत्सव में शामिल हो रहीं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की मंडलियां यक्षगान और भागवतम् शैली में रामकथा के प्रसंगों को मंच पर उतारेंगी। अलग-अलग क्षेत्रों की संगीत, नृत्य और अभिनय परंपराओं के माध्यम से दर्शकों को रामलीला के विविध रूप देखने का अवसर मिले रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट पर प्रतिदिन शाम ६:३० से हो रहा है जो १९ अक्तूबर तक रहेगा।

रामलीला में नारद मोह, राम जन्म और ताड़का वध की लीलाओं का मंचन

जौनपुर। श्रीराम लीला समिति हुसैनाबाद के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन गुरुवार की रात दर्शकों को भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंच पर नारद मोह, श्रीराम जन्मोत्सव और ताड़का वध की लीलाओं का सजीव मंचन किया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने संग्रहीत किये सात नमूने

चित्रकूट। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त एवं डीएम के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर विशेष अभियान अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा विगाग की टीम ने सात नमूने जाँच के लिए संग्रहित किये। जिसमें खोही कर्वी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान चित्रकूट डेयरी उद्योग से दो नमूना पनीर, मिश्रित दूध, शिवरामपुर बांदा रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान चौहान ढ़ाबा एण्ड फैमिली रेस्टोरेण्ट से एक नमूना खाद्य पदार्थ तैयार दाल, सरधुवा स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से एक नमूना खाद्य पदार्थ गाय का दूध, बरगदी राजापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान राज मिल्क डेयरी से मिश्रित दूध, तुलसी स्मारक रोड राजापुर के खाद्य प्रतिष्ठान प्रिंश ट्रेडर्स कोकोनट बिस्किट, तुलसी स्मारक रोड राजापुर स्थ्ति खाद्य प्रतिष्ठान प्रकाश ट्रेडर्स से टोमेटो केचप का सैम्पल संग्रहित किया गया।

छीना-झपटी की भावना के बजाय त्याग एवं सेवा का भाव होना जरुरी-एसपी

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील क्षेत्र के ऐचवारा गांव में कई दशक से चली आ रही ऐतिहासिक रामलीला के दौरान गुरुवार की रात धनुष यज्ञ लीला का भव्य मंचन हुआ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामशरण गर्ग ने रामलीला मंचन की परंपरा शुरु कराई थी। इसके बाद इसे लगातार हर साल चलाया जा रहा है। लीला मंचन के दौरान प्रभु श्रीराम ने जैसे ही शिव धनुष तोड़ा, पंडाल जयकारों से गूंज उठा। क्षेत्रीय विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, एसपी अरुण कुमार सिंह, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम की आरती की। रामलीला समिति के सदस्यों ने आतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। एसपी ने कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र का अवलोकन कर उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। रामराज्य की स्थापना से पहले भरत के त्याग और समर्पण को समझना जरुरी है। राजा दशरथ के चारों पुत्रों का जीवन हमें त्याग, प्रेम, मर्यादा और भाईचारे की सीख देता है। समाज में राज्य और सत्ता के लिए छीना-झपटी की भावना के बजाय त्याग और सेवा का भाव होना चाहिए। जब लोग इन आदर्शों को अपनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना संभव होगी। विधायक ने कहा कि कि प्रत्येक व्यक्ति को रामचरितमानस के आदर्शों के अनुरूप अपने रिश्तों का निर्वहन करना चाहिए। रिश्तों की गरिमा का सम्मान करने से आपसी विवाद कम होते हैं और परिवार एवं समाज में प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारा बढ़ता है। अभय महाजन ने कहा कि चित्रकूट प्रभु श्रीराम की तपोस्थली ही नहीं, बल्कि उनकी कर्मस्थली भी है। यहां रहकर अगर हम उनके आदर्शों और कार्यों का अनुशरण नहीं करते हैं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

इलाहाबाद पश्चिम एवं फूलपुर विधानसभा फाइनलमें

प्रयागराज खेल

नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में इलाहाबाद पश्चिम और फूलपुर विधानसभा ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में इलाहाबाद पश्चिम ने फाफामऊ विधानसभा को ८० रन से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में फूलपुर विधानसभा ने मेजा विधानसभा को ४४ रन से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में इलाहाबाद पश्चिम की जीत के नायक आदित्य राज तिवारी रहे, जिन्होंने ३८ गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद ५१ रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में मो. तैमूर ने ३.२ ओवर में १० रन देकर चार विकेट झटकते हुए फाफामऊ की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। दूसरे सेमीफाइनल में फूलपुर के नितिन यादव ने नाबाद ३५ रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। पहले सेमीफाइनल में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इलाहाबाद पश्चिम की टीम ने निर्धारित २० ओवर में पांच विकेट पर १४८ रन बनाए। आदित्य राज तिवारी ने नाबाद ५१, आतिफ साजिद ने २३ और कृष्णा साहू ने १७ रन का योगदान दिया। फाफामऊ की ओर से दिव्य प्रकाश, प्रियांशु और गौरव पाठक ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाफामऊ विधानसभा की टीम मो. तैमूर की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और १२.२ ओवर में ६८ रन पर सिमट गई। सौरभ प्रताप सिंह ने २० और गौरव पाठक ने ११ रन बनाए। इलाहाबाद पश्चिम की ओर से मो. तैमूर ने चार, देव प्रकाश सिंह और शिवम यादव ने दो-दो, जबकि आतिफ साजिद ने एक विकेट लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए मो. तैमूर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच से पूर्व गौतम करवरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के सदस्य मो. जाहिद अली ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। दूसरे सेमीफाइनल में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फूलपुर विधानसभा ने २० ओवर में १३५ रन बनाए। नितिन यादव ने नाबाद ३५, यादवेन्द्र सिंह यादव ने २९, अथर्व प्रजापति ने २५ और मयंक दुबे ने २० रन बनाए। मेजा की ओर से अमितेश शुक्ला, आशु उपाध्याय और अर्जुन दुबे ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में मेजा विधानसभा की टीम १७.२ ओवर में ९१ रन पर सिमट गई। अर्जुन दुबे ने सर्वाधिक ४० और अंकित यादव ने १६ रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। फूलपुर की ओर से दिव्यांश ने दो विकेट लिए, जबकि मयंक दुबे, अभिनव तिवारी और अजय यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए नितिन यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच से पूर्व नीलम करवरिया कप की चयन समिति के सदस्य प्रदीप सिंह, सुशील ओझा और राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पुरस्कार पूर्व रणजी खिलाड़ी आशीष विंस्टन जैदी ने प्रदान किया।



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ़

निविदा सं0:48/ग्रा0अ0वि0/निविदा/पत्रा0सं0-118/2026-27 दिनांक : 08.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ़ मे निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता किसी एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते है। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए0बी0सी0डी0 ठेकेदारों को आई0टी0बी0 के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।
कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

क्र.सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में) जी.एस.टी. 18% अतिरिक्त	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि (वर्षाऋतु सहित)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	प्रतापगढ़	जनपद प्रतापगढ़ के विकास मंगरौरा ग्राम सभा सरखीखाम में खेल अवस्थापना सृजन का अवशेष कार्य।	8.50	17000.00	RS. 850.00	03 माह	विकास भवन प्रतापगढ़	ऐलनगंज प्रयागराज	कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 28.10.2026
2. निविदा बिक्री प्रारम्भ क तिथि/समय :- 28.10.2026 को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-प्रतापगढ़ पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
3. निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि / समयः-29.10.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-प्रतापगढ़ अपरान्ह 04:00 बजे तक।
4. निविदा जमा की अन्तिम तिथि / समयः 31.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थानः-31.10.2026 को अपनान्ह 01.00 बजे, कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-प्रतापगढ़।
6. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-1 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात् अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-प्रतापगढ़ से सम्पर्क करें।

नोट- सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ़ लें।

(विपुल चन्द्रा)
अधिशाषी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रतापगढ़।

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।
upid no.258486 Date : 16.10.2026

कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज

पत्रांक : 666 / न.पं. कोराव / एस.बी.एम./2026-27 दिनांक : 16/10/2026

निविदा सूचना

नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज द्वारा समस्त पंजीकृत इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में शासनादेश सं0-पीएमयू/1041/563(2)/2025 लखनऊ दिनांक 18.02.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत नगर पंचातय कोरांव प्रयागराज में 20 सीट पब्लिक ट्वायलेट एंव 08 सीट यूरिनल के निर्माण हेतु रू0 35.32 लाख की प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये रू0 29.3156 की धनराशि अवमुक्त की गयी है प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में पी0टी0 एवं यूरिनल का निर्माण कार्य कराये जाने के लिये पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से निम्नलिखित विवरण के अनुसार सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में कोई भी अतिरिक्त जानकारी एंव निविदा प्रपत्र कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज से प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने की तिथि तक प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 3 बजे कार्यालय नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज में समिति के समक्ष खोली जायेगीं जिसमें प्रतिभाग करने वाले फर्मों की उपस्थिति अनिवार्य होगी यदि फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं रहती है तो निविदा समिति के समक्ष अपने निर्धारित समय पर खोल दी जायेगी। संलग्न निविदा प्रपत्र मूल्य नगर/आरटीजीएस के माध्यम से नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के खाता संख्या-50100215380314 IFSC-HDFC0009127 HDFC Bank कोरांव प्रयागराज में जमा करके प्राप्ति रसीद अथवा नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के कोष में निविदा मूल्य नगद जमा करके प्राप्ति रसीद समस्त स्वहस्ताक्षरित अभिलेखों सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी मूल रूप से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कोरांव प्रयागराज के पदनाम से बंधक होगी, नियमानुसार निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपरिहार्य कारण व अवकाश की स्थिति उत्पन्न होने पर निम्न तिथियों में परिवर्तन सम्भव है।

निविदा	दिनांक	समय
निविदा प्रारम्भिक तिथि व समय	17.10.2026	12:00 PM
निविदा की अंतिम तिथि व समय	06.11.2026	12:00 PM
निविदा खुलने की तिथि व समय	06.11.2026	03:00 PM

योजन	कार्य विवरण	आगणन की धनराशि (लाख में)	धरोहर धनराशि 10%	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
पब्लिक ट्वायलेट					
SBM	नगर पंचायत सीमान्त्तगत अटल सरोवर के पास 06 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	9.96	99000	1200	02 माह
	नगर पंचायत सीमान्र्तगत नर्वदेश्वर महादेव मन्दिर के पास 06 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	9.96	99000	1200	02 माह
	नगर पंचायत सीमान्र्तगत प्राथमिक विद्यालय प्रथम में 03 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	7.64	76000	950	02 माह
	नगर पंचायत सीमान्र्तगत पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 03 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	7.04	70000	800	02 माह
	नगर पंचायत सीमान्र्तगत अम्बेडकर नगर में 03 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	5.92	59000	700	02 माह
राज्य वित्त	नगर पंचायत सीमान्र्तगत केशरवानी विद्यालय में 03 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	3.37	33000	350	02 माह
	नगर पंचायत सीमान्र्तगत राममूर्ती शिक्षा एकेडमी में 02 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य।	2.30	23000	250	02 माह
यूरिनल					
1.	वार्ड नं0 09 बहादुरशाह नगर में तालाब के पास यूरिनल का निर्माण कार्य।	1.91	19000	250	01 माह
2.	वार्ड नं0 09 बहादुरशाह नगर में मन्दिर के पास यूनिनल का निर्माण कार्य।	1.91	19000	250	01 माह
3.	वार्ड नं0 02 आजाद नगर में यूरिनल का निर्माण कार्य।	1.43	14000	250	01 माह

नोट :- निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तों का विवरण निविदा अवधि में कार्यालय कार्यदिवसों में कार्यालय में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज

अध्यक्ष
नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज